RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी, खूबसूरत तस्वीरें साझा कर सुनाया बचपन का किस्सा




VOL: 03 | ISSUE 56 | SATURDAY DATE 21-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## केरल में यूडीएफ गठबंधन की जीत निश्चित : राहुल



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल विधानसभा चुनाव में युनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट-यूडीएफ गठंधन की जीत को निश्चित बताते हुए कहा है कि गठबंधन के सत्ता में आने के बाद वह राज्य सरकार के साथ मिलकर खूबसूरत केरल के निर्माण के लिए काम करेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन टीम यूडीएफ ही टीम केरल है। प्रत्येक उम्मीदवार केरल की जनता की आवाज, आकांक्षाओं और विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। यह अनुभवी नेताओं और युवा परिवर्तनकारियों का एक समूह है-ऐसे सशक्त पुरुष और महिलाओं की टीम जो अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की बारीकियों को समझते हैं। उन्होंने लिखा 'मेरे लिए केरल घर है और केरल की जनता मेरा परिवार है। जनता ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है और जिस प्यार और स्नेह से उन्होंने मुझे अपनाया है, उसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं-मैं हमेशा आपका साथी रहूंगा। कांग्रेस नेता ने कहा 'केरल का संदेश स्पष्ट है कि जनता बदलाव के लिए तैयार है, वे ऐसी सरकार चाहते हैं जो उनकी बात सुने, समझे और ईमानदारी से काम करे।

## रेखा गुप्ता ने 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी, ईवी प्रोत्साहन पोर्टल फिर से शुरू

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ बस डिपो से 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही 2023 से बंद पड़ा ईवी प्रोत्साहन पोर्टल दोबारा शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह पहल राजधानी की रफ्तार को नई दिशा देगी और यात्रियों के लिए सफर को अधिक आसान, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगी। सरकार का मुख्य लक्ष्य दिल्ली में सार्वजनिक



परिवहन प्रणाली को पूरी तरह उत्सर्जन-मुक्त बनाना है। इसी दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक बसों की संख्या में तेजी से वृद्धि की जा रही है। नई ईवी बसों के शामिल होने से दिल्ली के लोगों को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा सुविधा मिलेगी। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले एक वर्ष में 2000 से अधिक ईवी बसों को दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किया जा चुका है, जिससे दिल्ली देश के अग्रणी शहरों में शामिल हो गई है जहां सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं। नई बसों के जुड़ने से राजधानी में कनेक्टिविटी और बेहतर होगी, खासकर उन इलाकों में जहां सार्वजनिक परिवहन की सुविधा सीमित थी।

## संक्षिप्त
## ताजा खबरें

### सीएम योगी रविवार को 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को सौपेंगे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ, यूटर्न/ 20 मार्च।** योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में योगी सरकार रविवार को 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेगी। इनमें से 492 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे, जबकि शेष को लाइव प्रोग्राम के दौरान 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज और 2 संस्थानों में जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। बता दें कि योगी सरकार ने इस वर्ष प्रदेश के डेढ़ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। इसी के तहत कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जबकि विभिन्न विभागों में भर्ती का विज्ञापन निकालने की तैयारी अंतिम चरण में है।

### राजस्थान में मस्जिद के अंदर जलाए गए युवक की मौत, आरोपी फरार

**जयपुर, यूटर्न/ 20 मार्च।** अधिकारियों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि एक मजदूर के तौर पर काम करने वाले युवक की, जिसे एक झगड़े के बाद मस्जिद के टॉयलेट में बंद करके आग लगा दी गई थी, जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना बुधवार को हुई, जब आरोपी हाफिज अब्दुल राशिद (जो एक स्थानीय मस्जिद का इमाम है) और पीड़ित हकीम पिंजारा (जो दिहाड़ी मजदूर था) के बीच किसी बात पर कहा-सुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि इमाम बचा हुआ खाना फेंक रहा था, तभी हकीम ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि इसे जानवरों को दे देना चाहिए। बताया जाता है कि इस बात पर दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसे बाद में गांव वालों ने शांत कराया। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे हकीम कथित तौर पर मस्जिद गया था। परिवार वालों और स्थानीय लोगों के आरोपों के मुताबिक, जब वह टॉयलेट में घुसा, तो आरोपी ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया।

# वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत लिख रहा निर्णायक अध्याय : पीएम मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है, जो कि विद्युतीकरण की तरफ रुझान, स्वच्छ ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री मोदी ने विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक द्वारा लिखित एक आर्टिकल शेयर किया, जिसमें भारत के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे तेज बदलाव के बारे में बताया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीतिगत निर्णयों और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने के द्वारा निर्देशित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, विद्युतीकरण को बढ़ावा देने



और घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के भारत के प्रयास इसे वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने में मदद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने बताया है कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीति और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्पष्ट प्रयास से प्रेरित है।' प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, 'विद्युतीकरण, स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है।' इससे पहले, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा लिखे गए आर्टिकल को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने पाठकों से आग्रह किया कि वे इस लेख को पढ़ें ताकि उन्हें भारत की ऊर्जा नीतियों की सटीक जानकारी मिल सके, जो एक विकसित भारत का वादा करती हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर इस बात पर विचार रख रहे हैं कि भारत किस प्रकार एक मजबूत ऊर्जा इको-सिस्टम को शक्ति प्रदान कर रहा है और भविष्य की जरूरतों के लिए एक स्थायी वातावरण का निर्माण कर रहा है।'

## मोदी ने ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों की निंदा की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना हुए हमलों की कड़ी निंदा की और शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कतर के प्रति भारत की एकजुटता दोहरायी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर मोदी ने कहा, 'हम कतर के साथ एकजुटता से खड़े हैं और इस क्षेत्र के ऊर्जा अवसंरचना पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हैंष' इस तरह उन्होंने बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच महत्वपूर्ण ऊर्जा संपत्तियों के लिए खतरों के खिलाफ भारत का रुख मजबूती से रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कतर के नेतृत्व और वहां की जनता को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।



## पीएम मोदी से मिले एलजी तरनजीत सिंह संधू, 'विकसित दिल्ली 2047' पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और 'विकसित दिल्ली 2047' के निर्माण को लेकर अपने विचार साझा किए। इस बातचीत की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि एलजी संधू प्रधानमंत्री के दफ्तर में उनके सामने बैठे और उन्हें लोक निवास में अपने अनुभव के बारे में बताया। साथ ही, उन्होंने पीएम मोदी के 'विकसित दिल्ली 2047' के विजन को पूरा करने के लिए बनाई गई योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश में संधू ने लिखा, 'आज सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।' 13 मार्च को संधू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और राष्ट्रीय राजधानी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

## दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को राहत, सर्जरी के लिए मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को कोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने कोर्ट से स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। ताहिर हुसैन ने दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें बताया गया था कि वह इनगुइनल हर्निया से पीड़ित हैं और उन्हें जल्द सर्जरी की जरूरत है। इसके साथ ही सर्जरी से पहले जांच और बाद में विशेष देखभाल की जरूरत बताई गई थी। ताहिर हुसैन ने याचिका में कहा था कि सर्जरी के बाद संक्रमण से बचाव, उचित आहार और रिकवरी के लिए जेल के बाहर रहना जरूरी है, लिहाजा उनको अंतरिम जमानत दी जाए।

## असम की संस्कृति का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी : हिमंता सरमा



**गुवाहाटी, यूटर्न/ 20 मार्च।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को संरक्षित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि संस्कृति को बचाना एक कर्तव्य है, जिसे सरकार लगातार निभा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर मुख्यमंत्री ने लिखा, 'हमारी संस्कृति कोई नारा नहीं है। यह हमारे त्योहारों, हमारी प्रार्थनाओं और हमारे लोगों में जीवित है।' उन्होंने कहा कि जो समुदाय इन परंपराओं को जीवित रखते हैं, उनके साथ खड़ा रहना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री सरमा ने बताया कि राज्य सरकार विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक समूहों को आर्थिक सहायता दे रही है। इसके तहत हर रास समिति को 25,000 रुपए की मदद दी जा रही है, ताकि रास उत्सव को बेहतर तरीके से आयोजित किया जा सके।

## हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत और स्थिर विकास पथ पर अग्रसर है: सुक्खू

» **शिमला, यूटर्न/ 20 मार्च।**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने शुक्रवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत और स्थिर विकास पथ पर निरंतर अग्रसर है। विधानसभा में 2021-22 के आर्थिक सर्वेक्षण को प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि 2025-26 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वर्तमान कीमतों पर लगभग 2.54 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। उन्होंने कहा कि वास्तविक रूप में, राज्य की अर्थव्यवस्था में लगभग 8.3 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं और जलवायु संबंधी चुनौतियों के बावजूद प्रमुख क्षेत्रों में निरंतर आर्थिक



गतिविधि को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित शक्ति और अनुकूलन क्षमता को उजागर करता है।

अग्रिम अनुमानों के अनुसार, स्थिर कीमतों (2011-12) पर सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) या वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2025-26 के लिए 156,681 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में यह 144,656 करोड़ रुपए था।

## संक्षिप्त खबरें



### एआई समिट प्रदर्शन मामला : मनीष शर्मा को अग्रिम जमानत, शनिवार को पुलिस की पूछताछ में होंगे शामिल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए 'शर्टलेस प्रदर्शन' मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार को इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा को अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि मनीष शर्मा शनिवार को पुलिस की पूछताछ में शामिल होंगे। इससे पहले 14 मार्च को दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा था कि यह प्रदर्शन पूरी तरह राजनीतिक था और इसका एआई या सरकार की नीतियों से कोई सीधा संबंध नहीं था। पुलिस के अनुसार, यह विरोध एक सुनियोजित साजिश के तहत किया गया था। पुलिस ने अदालत को बताया कि दिल्ली में आयोजित इस एआई समिट में 100 से अधिक देशों ने हिस्सा लिया था, जिनमें 92 देश और यूरोपीय संघ के सदस्य भी शामिल थे। यह अपनी तरह का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय एआई आयोजन था।

### ईडी ने पीएसीएल धोखाधड़ी मामले में 5,046.91 करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्की की

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने पीएसीएल लिमिटेड और उसकी संबंधित कंपनियों द्वारा संचालित एक सामूहिक निवेश योजना से जुड़ी बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी की जांच में पंजाब और दिल्ली में स्थित 5,046.91 करोड़ रुपये मूल्य की 126 अचल संपत्तियों को कुर्क कर दिया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी और 420 के अंतर्गत केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने पीएमएलए जांच शुरू की। यह एफआईआर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार दर्ज की गई थी। इसके बाद, सीबीआई ने एक अवैध निवेश योजना चलाने में भूमिका के लिए व्यक्तियों एवं कंपनियों सहित 33 आरोपियों के खिलाफ एक आरोप पत्र और एक पूरक आरोप पत्र दायर किया।

# दिल्ली पुलिस ने दीपावली शूटआउट के मुख्य आरोपी जीशान को किया गिरफ्तार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (डब्ल्यूआर-1) की टीम ने हत्या के प्रयास में एक आरोपी जीशान अहमद को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर की गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केशव पुरम इलाके में दीपावली 2025 की रात हुई गोलीबारी की घटना से जुड़े मुख्य आरोपी जीशान अहमद इदरीसी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके खिलाफ केशव पुरम थाने में दर्ज किया गया था। पुलिस काफी समय से इसकी तलाश कर रही थी, लेकिन वह फरार था। इसके बाद क्राइम ब्रांच को मामले की जांच सौंप दी गई थी।

उन्होंने बताया कि दीपावली की रात आरोपी जीशान अहमद ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या के इरादे से कई राउंड फायरिंग की थी। इस दौरान भानु कुमार नामक व्यक्ति को गोली लग गई थी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर अनिल मलिक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। टीम में एसआई अंशु कडियान, डब्ल्यू/एएसआई नरेंद्र कौर, हेड कांस्टेबल संदीप यादव, प्रवीण, नवीन और कांस्टेबल कृष्ण शामिल थे। एसीपी राज कुमार के पर्यवेक्षण में टीम ने लगातार आरोपी की तलाश जारी रखी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी तिलक नगर के चांद नगर इलाके में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत छापेमारी की और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या के प्रयास, लूट और झपटमारी जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं।

पूछताछ में सामने आया कि 27 वर्षीय आरोपी ने केवल 10वीं तक पढ़ाई की है और जल्दी पैसा कमाने के लालच में अपराध की दुनिया में कदम रख दिया। वह पहले भी 2020 में सागरपुर इलाके में फायरिंग के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस का कहना है कि किसी भी अपराधी को कानून से बचने नहीं दिया जाएगा और राजधानी में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मामले में आगे की जांच जारी है।

# लेह धूल-मलबे से होगा मुक्त

## उपराज्यपाल के आदेश पर सचिवालय व मुख्य बाजार में सफाई कार्य शुरू

**» लेह, यूटर्न/ 20 मार्च।**



लद्दाख के लेह शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने एक व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के निर्देशों के बाद संबंधित एजेंसियां मिशन मोड में शहर की सफाई और सौंदर्यीकरण में जुट गई हैं।

लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया, 'सड़क किनारे जमा धूल और निर्माण व तोड़फोड़ के मलबे को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। शुरुआती चरण में लोक निवास, सचिवालय, लेह मुख्य बाजार, जेविटसल और आसपास के क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है।'

उन्होंने कहा कि इन इलाकों में सफाई के साथ-साथ बड़े स्तर पर हरियाली बढ़ाने के लिए पेड़ लगाने की तैयारी भी की जा रही है, जिसके तहत गड्ढे खोदने का काम जारी है। यह अभियान उस निरीक्षण के बाद शुरू किया गया, जब उपराज्यपाल ने 15 मार्च को लेह बाजार और पुराने शहर का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, बुनियादी ढांचे की स्थिति और शहरी प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं का जायजा लिया और अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। बता दें कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना खुद इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं और उन्होंने सरकारी एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह के संगठित प्रयास लेह-लद्दाख को एक साफ, सुव्यवस्थित और पर्यटकों के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जोर दिया कि केवल सरकारी प्रयास ही नहीं बल्कि स्थानीय लोगों की भागीदारी भी इस मिशन की सफलता के लिए बेहद जरूरी है।

# दिल्ली के पालम विलेज थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम विलेज थाने की पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़ा गया आरोपी साहिल उर्फ गौरव, उम्र 23 साल, द्वारका के सेक्टर-16इ का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई रकम में से 1,11,400 रुपये नकद और करीब 10,500 रुपये के खरीदे गए सामान भी बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि यह मामला 11 मार्च 2026 का है, जब महावीर एन्क्लेव निवासी आर. विजय, जो पालम एक्सटेंशन के रामफल चौक स्थित एक स्टे होम में मैनेजर हैं, ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रिसेप्शन काउंटर के दराज में रखे 1,25,850 रुपये गायब हो गए हैं। पुलिस ने जब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें साफ दिखा कि उसी स्टे होम में काम करने वाला एक ट्रेनी मैनेजर ही इस चोरी को अंजाम दे रहा है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक टीम बनाई, जिसमें हेड कांस्टेबल सतपाल सिंह, हेड कांस्टेबल विकास कुमार, कांस्टेबल कमलेश और महिला कांस्टेबल श्यामा शामिल थे। टीम ने लगातार निगरानी और तकनीकी जांच के जरिए आरोपी की तलाश शुरू की। आखिरकार 15 मार्च को सेवक पार्क, उत्तम नगर इलाके में शिकायतकर्ता की पहचान पर आरोपी को पकड़ लिया गया, जिसके पास से 61,400 रुपये नकद बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट से एक दिन की रिमांड लेकर उससे पूछताछ की, जिसमें उसने बाकी पैसे और खरीदे गए सामान के बारे में जानकारी दी।

## ट्रांस समुदाय ने ट्रांसजेंडर संशोधित बिल २०२६ को बताया पहचान पर खतरा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन बिल, 2026 का विरोध शुरू किया है। यह बिल 2019 के ट्रांसजेंडर अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव है और इसमें ट्रांसजेंडर की नई परिभाषा तय की गई है। केंद्र सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को मिलने वाले लाभों का गलत इस्तेमाल रोकना और उनकी पहचान को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना है। हालांकि, ट्रांस अधिकार कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता इसे समुदाय के अधिकारों पर गंभीर खतरे के रूप में देख रहे हैं। राघवी शुक्ला, ट्रांस महिला और वकील, बताती हैं कि बिल में केवल किन्नर, हिजड़ा, अरावानी, जोगता और इंटरसेक्स पहचान को शामिल किया गया है।

# एनसीईआरटी किताब विवाद: सरकार ने बनाई तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति

**सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी**

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा 8 की किताब में न्यायपालिका से जुड़े चेप्टर को फिर से लिखने के लिए तीन सदस्यों वाली एक विशेषज्ञ समिति का गठन हुआ है। शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को बताया कि तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इसमें पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल, जस्टिस इंदु मल्होत्रा और जस्टिस अनिरुद्ध बोस को शामिल किया गया है। सरकार ने ये फैसला एनसीईआरटी की किताब के उस हिस्से पर हुए विवाद के बाद उठाया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का जिक्र था। कमेटी के गठन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अपनी तरफ से शुरू की गई सुनवाई को खत्म कर दिया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने हाल ही में कक्षा 8 के लिए सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी: इंडिया एंड बियॉन्ड' (भाग-2) प्रकाशित की थी। इस पुस्तक में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शीर्षक से एक पाठ शामिल था। इसमें न्याय व्यवस्था पर विवादित पाठ्य सामग्री थी। यही कारण रहा कि इस अध्याय को लेकर विभिन्न पक्षों से आपत्तियां सामने आईं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने इस पर आपत्ति जताई थी। सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद एनसीईआरटी ने गलती मानते हुए चैप्टर को वापस ले लिया था। एनसीईआरटी के निदेशक और परिषद के सदस्यों ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि इस अध्याय के कारण उत्पन्न स्थिति के लिए वे बिना किसी शर्त और बिना किसी स्पष्टीकरण के सार्वजनिक रूप से क्षमा चाहते हैं। एनसीईआरटी ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि विवादित अध्याय वाली पूरी पुस्तक को वापस ले लिया गया है।

## नरेला में हत्या के प्रयास के मामले में क्राइम ब्रांच ने फरार चल रहे आरोपी को दबोचा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**

नरेला में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी अनीश उर्फ ईश्वर दयाल को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। सात मार्च को उसके खिलाफ नरेला पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 109(1)/351(2)/61(2)/3(5) और 25/27 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया गया था। बीएनएसएस की धारा 35(1)(सी) के तहत क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। नरेला की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया था कि जब वह अपने वाटर प्लांट पहुंची, तो दो लड़के मोटरसाइकिल से वहां आए। उनमें से एक ने पिस्तौल दिखाकर उसे धमकाया और प्लांट के पास की दीवार की ओर गोली चलाई, जिससे महिला डर गई और उसने वाटर प्लांट बंद करने की धमकी दी। ऐसा नहीं करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। फिर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

# नोएडा में शादी के नाम पर शारीरिक शोषण, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

**» नोएडा, यूटर्न/ 20 मार्च।**



गौतमबुद्धनगर के थाना फेस-3 क्षेत्र में एक गंभीर आपराधिक मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी पर पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने, अश्लील वीडियो तैयार कर ब्लैकमेल करने, पैसे और जेवर हड़पने तथा धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं।

पुलिस के अनुसार, यह मामला 17 मार्च 2026 को सामने आया, जब पीड़िता ने थाना फेस-3 में शिकायत दर्ज कराई। अपनी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि आरोपी विकास कुमार उर्फ मोहम्मद रमीज (26 वर्ष) ने उसे शादी का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और गुप्त रूप से अश्लील वीडियो बना लिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल किया और उससे पैसे तथा जेवर हड़प लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना फेस-3 पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 19 मार्च 2026 को आरोपी को थाना कोतवाली, छतरपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी 10वीं पास है और काफी समय से फरार चल रहा था।

# देश की भावी पीढ़ी को भगवान श्री परशुराम के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा मिलेगी भव्य चौक सेः डा. अरविंद शर्मा

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 20 मार्च। हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी को पिहोवा में बनाए गए भगवान श्री परशुराम चौक से प्रेरणा मिलेगी। इस चौक से भगवान श्री परशुराम के आदर्शों पर आगे बढ़ने के लिए युवाओं को आत्म बल मिलेगा। इतना ही नहीं यह भव्य चौक तीर्थ नगरी पिहोवा के सौंदर्यीकरण में भी चार चांद लगाएगा।



पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को पिहोवा में नगरपालिका की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने पिहोवा में नगरपालिका की तरफ से भगवान श्री परशुराम चौक का उदघाटन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने विकास कार्यों के लिए 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इससे पहले कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने मां सरस्वती मंदिर में माथा टेका और विधिवत रूप से पूजा अर्चना की है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि तीर्थ नगरी पिहोवा में बनाए गए भगवान श्री परशुराम चौक से युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस तीर्थ नगरी में हर वर्ष देश विदेश में लाखों श्रद्धालु पहुंचते है और इस चौक की भव्यता और सौंदर्यीकरण की अनूठी छाप यह पर्यटक अपने-अपने गृह क्षेत्र में लेकर जाएंगे।

# माता ब्रह्मचारिणी सादगी, तपस्या और अटूट भक्ति का प्रतीक है : बजरंग गर्ग



**माता ब्रह्मचारिणी जी का रूप हमें अनुशासन, संयम और कठिन परिस्थितियों से भी दृष्टि करने की शिक्षा देता है– बजरंग गर्ग**

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 20 मार्च। श्री प्रयाग गिरी शिवालय ट्रस्ट में चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी जी की पूजा पाठ का कार्यक्रम शिवालय ट्रस्ट संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ। जिसमें भारी संख्या में धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। मंदिर व माता का दरबार को भव्य रूप से सजाया गया। संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि माता ब्रह्मचारिणी सादगी, तपस्या और अटूट भक्ति का प्रतीक है। माता ब्रह्मचारिणी जी का रूप हमें अनुशासन, संयम और कठिन परिस्थितियों से भी दृष्टि करने की शिक्षा देता है। माता के श्वेत वस्त्र धारण करती हैं उनके एक हाथों में रुद्राक्ष की माला और दूसरे में कमंडल है। बजरंग गर्ग ने कहा कि माता सती ने हिमालय के घर में पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया और नारद जी की सलाह पर भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए हजारों वर्षों तक निर्जल -निराघर कठोर तपस्या की जिसके कारण वे ब्रह्मचारिणी कहलाती हैं।


नवरात्रों में माता दुर्गा जी की पूजा करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक व्रत, साधना और भक्ति करने से मां दुर्गा खुश होती है। इस अवसर पर ओम प्रकाश असीजा, रमेश पटवारी, जगत नारायण, पंडित मांगेराम शर्मा, नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, संदीप पखाड़ा, श्रीमती रेणु पहुजा, सुषमा शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, वंदना मौर्य, सविता जेटली, नीतू गर्ग आदि भक्ति जन भारी संख्या में मौजूद रहे।

# 29 मार्च को तमिलनाडु में एच एम के पी की बैठक में शामिल होंगे सभी राज्यों के प्रतिनिधि : राकेश मणि

**सुनील बाजपेई/ कानपुर, यूटर्न/ 20 मार्च।** मजदूरों श्रमिकों हर वर्ग के कर्मचारियों के हित में सफल संघर्ष के लिए देशभर में चर्चित हिन्द मजदूर किसान पंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी 29 मार्च को होने जा रही है। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सचिव राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आगामी 29 मार्च को होने वाली यह बैठक धरगा नेचुरल फार्म, किललई, (पिचवरम एक टूरिस्ट स्थल है) पिचवरम चिदम्बरम कुडालोर तमिलनाडु में आहूत की गई है, जिसमें भारत सरकार द्वारा जारी चार लेबर कोड और अन्य श्रमिक समस्याओं पर गहनता से चर्चा के साथ ही अगले वर्ष 26, 27 कार्य समिति पर विचार भी किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की इस महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश से भी सभी केन्द्रीय कार्य समिति के पदाधिकारी और सदस्य 28 मार्च 2026 को ही चेन्नई होते हुए कुला डोर तमिलनाडु में पहुँच रहे हैं।

वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय कार्य समिति की यह बैठक वर्तमान परिवेष में अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जिसमें देश के सभी राज्यों से प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश विदेश व अन्तर्राष्ट्रीय स्थितियों पर श्रमिकों की क्या भूमिका होगी और भारत के मजदूरों पर इसका क्या प्रभाव पड़ने वाला है। इस पर चर्चा के लिए यह बैठक आयोजित की गयी है, जिसमें अन्य श्रमिक संगठनों के साथ सहभागिता, संघर्ष और भारत सरकार द्वारा जारी चार लेबर कोड के संदर्भ में गुण दोषों पर विचार किया जायेगा। इस बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत गैर राजनैतिक संगठन के रूप में मजदूरों के हितार्थ स्व . जार्ज फर्लांडिस के संघर्षों के आदर्शों पर चलते हुए उनके द्वारा स्थापित दिशा निदेर्शों के अनुरूप हिन्द मजदूर किसान पंचायत मजदूरों की



अगुवाई कर रही है और तमाम क्षेत्रों में अपने संघर्ष की उपयोगिता भी सिद्ध की है, वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने यह भी बताया कि जिन स्थितियों और समस्याओं के लिए हिन्द मजदूर किसान पंचायत ने प्रारम्भ से ही अपने संघर्ष को बढ़ाने का कार्य किया है और मजदूर वर्ग को चेतावनी दी थी। आज वह सामने स्पष्ट रूप से दिखाई भी दे रही है। वह चाहे पुरानी पेंशन की उपयोगिता हो, नेशनल वेज पालिशी हो, समान कार्य वेतन सिद्धान्त हो या अन्य श्रमिक समस्याए हों। एचएमकेपी के राष्ट्रीय महासचिव राकेश मणि पांडेय ने दावा किया कि एकजुटता व संघर्ष के बल पर सभी संगठनों को साथ लेकर हिन्द मजदूर किसान पंचायत ने अगुवाई की है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस ने पांचवें विधायक को भी जारी किया नोटिस

**चंडीगढ़, यूटर्न/ 20 मार्च।** हरियाणा में हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस ने पांचवें विधायक को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। रतिया से कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह को कांग्रेस की अनुशासन समिति ने नोटिस जारी किया है। इससे पहले हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरीप्रसाद ने क्रॉस वोटिंग करने वाले चार विधायकों रेणु बाला, शैली चौधरी, मोहम्मद इलियाज और मोहम्मद इजराइल के नाम सार्वजनिक किए थे। बता दें कि हरियाणा में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने एक-एक सीट जीती थी। इस चुनाव के दौरान वोट की गोपनीयता के उल्लंघन और क्रॉस-वोटिंग की शिकायत देखने को मिली थी। भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के करमवीर बौद्ध ने जीत दर्ज की थी। भाजपा समर्थित इंडिपेंडेंट कैंडिडेट सतीश नांदल को हार का सामना करना पड़ा।

### महोबा में रिश्वत लेते प्रोजेक्ट मैनेजर रंगे हाथों गिरफ्तार

**महोबा, यूटर्न/ 20 मार्च।** उत्तरप्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के बावजूद जिले में सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। गुरुवार को विजिलेंस टीम ने स्वास्थ्य विभाग के परिवार कल्याण प्रोजेक्ट मैनेजर को दो लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। घटना जनपद मुख्यालय स्थित एक होटल में हुई, जहां झांसी से आई विजिलेंस टीम ने संविदा कर्मी मेराज मुहम्मद के स्थानांतरण के लिए मांगी जा रही रकम के लिए जाल बिछाया। स्वास्थ्य विभाग के बाबू जीतेश सोनी को रंगे हाथ पकड़ा गया। मामले में इंस्पेक्टर पीयूष पांडेय ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जांच के बाद बांदा ले जाया गया। इस दौरान बाबू जीतेश सोनी रो-रोकर माफी मांगता रहा है। संविदा कर्मी मुहम्मद ने बताया कि 12 अगस्त 2024 को उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई से सीएचसी पनवाड़ी में स्थानांतरित किया था। दूरी अधिक होने और परिवार की देखभाल न कर पाने के कारण उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. आशाराम से पुराने कार्यस्थल पर वापसी का अनुरोध किया था। सीएमओ ने बाबू सोनी से मिलने के लिए कहा। इसके बाद बाबू ने घर बुलाकर 3 लाख 50 हजार रुपये घूस देने की मांग की, जिसमें शुरू में 2 लाख और बाद में शेष रकम देने की शर्त तय की गई।

# ईंधन संकट या साजिश? गैस-पेट्रोल महंगाई के पीछे क्या खेल : पूनम आर्या

» **हरियाणा, यूटर्न/ 20 मार्च।**

देश में LPG (गैस सिलेंडर) और पेट्रोल की कीमतें लगातार दबाव में हैं। मुंबई, दिल्ली और अन्य शहरों में पेट्रोल 100 के पार पहुंच रहा है, जबकि घरेलू LPG सिलेंडर पर सब्सिडी घटने से आम आदमी पर बोझ बढ़ रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये समस्या सिर्फ टैक्स या ग्लोबल क्रूड प्राइस की नहीं है? इसके पीछे अमेरिकी सैंक्शंस, ईरान-रूस की जियोपॉलिटिक्स और भारत की दो सबसे बड़ी कंपनियां – अडानी ग्रुप और रिलायंस इंडस्ट्रीज (अंबानी) – का क्या पूरा कनेक्शन है।

कंपनियों पर कौन का कंट्रोल? (दिसंबर 2025 / Q3 FY26 डेटा) किसके कितने शेयर :-



दोनों ग्रुप पूरी तरह भारतीय प्रमोटर कंट्रोल में हैंः अडानी ग्रुप (Adani Enterprises Ltd + Ports, Green Energy आदि) अडानी फैमिली (प्रमोटर): 73.97% (कंट्रोलिंग स्टेक) FII/विदेशी निवेशकः 11.64% (कुछ गिरावट) घरेलू संस्थागत (MF+इंश्योरेंस): ₹6-7% रिटेलः ₹7-8% रिलायंस इंडस्ट्रीज (मुकेश अंबानी) अंबानी फैमिली (प्रमोटर): 50.01% FII: 19.09% (बढ़ोतरी) घरेलू संस्थागतः ₹19-20% रिटेलः ₹10.6% USA का हिस्साः FII में अमेरिका सबसे बड़ा (कुल FPI का ₹41% हिस्सा)। BlackRock, Vanguard, Fidelity जैसे अमेरिकी फंड दोनों कंपनियों में निवेशक हैं। लेकिन ये सिर्फ कैपिटल है, कंट्रोल नहीं। यानी कंपनियां पूरी तरह भारतीय हैं, लेकिन अमेरिकी फंड्स का पैसा जरूर आ रहा है। असली समस्या कहां से शुरू हुई? ईरान सैंक्शंस और अडानी का LPG केस जून 2025 में Wall Street Journal ने रिपोर्ट दी कि अडानी ग्रुप से जुड़ी कंपनियां ईरानी LPG मुंद्रा पोर्ट के जरिए भारत में आयात कर रही थीं।

# अंडरपास की मांग को लेकर काम रुकवाने हेतु जनहित याचिका दायर की जाएगी

» **हरियाणा, यूटर्न/ 20 मार्च।**

अंडरपास की मांग को लेकर चल रहा धरना शुक्रवार को 64वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने को समर्थन देने के लिए टोहाना से बार एसोसिएशन के सदस्य तथा हरियाणा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मन्नू सिंगला पहुंचे।

इस दौरान मन्नू सिंगला ने कहा कि सरकार को इस मामले पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति के अनुसार जनता को सुविधाएं देना आवश्यक है और क्षेत्र के लोगों का रोजगार सुरक्षित रहना चाहिए। इसी उद्देश्य से कानूनी राय लेकर वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए जनहित याचिका (PIL) दायर की जाएगी। उनका कहना था कि सबसे पहले अंडरपास का निर्माण होना जरूरी है और इस मुद्दे को लेकर कानूनी स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

टोहाना बार एसोसिएशन के स चव सुशील कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी अधिवक्ता अंकित भालोठिया के माध्यम से मिली है। उन्होंने कहा कि किसी भी दुकानदार का रोजगार प्रभावित न हो, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, जनहित याचिका की लड़ाई निशुल्क लड़ी जाएगी।

इस मौके पर अधिवक्ता नीरज गोयल, प्रवीण दहिया सहित अन्य ने भी अपना समर्थन दिया। वहीं




धरना प्रधान कपूर सिंह लोटा ने समर्थन देने पहुंचे प्रतिनिधियों का आभार जताया और सरकार से मांग की कि इस विषय पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा की जा रही कानूनी कार्रवाई में वे पूरी तरह साथ खड़े हैं। धरने में कामरेड हरदीप सिंह, धर्मपाल ब्लॉकिया, मुखराम, बलविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, गुरमेल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला गंभीर रूप से घायल

**लोनी, यूटर्न/ 20 मार्च।** शिव वाटिका कॉलोनी के सामने बृहस्पतिवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ट्रेन, दिल्ली से शामली की ओर जा रही थी। गंभीर रूप से घायल महिला की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि लोनी बार्डर थाना क्षेत्र स्थित शिव वाटिका कॉलोनी के सामने महिला दिल्ली से शामली की ओर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन चालक ने हादसे की सूचना लोनी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ को दी। आरपीएफ कर्मी घायल महिला को संयुक्त अस्पताल लेकर पहुंचे। गंभीर हालत के चलते चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

### दबंगों ने विवाद के बाद युवक पर चाकू से हमला किया

**लोनी, यूटर्न/ 20 मार्च।** बॉर्डर थाना क्षेत्र की राधा विहार कॉलोनी में युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर से घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। राहुल गार्डन कॉलोनी निवासी सचिन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे घर से बाहर जा रहे थे। राधा विहार कॉलोनी में पहुंचे तो सचिन कुमार अपने छोटे भाई कपिल और मां लता के साथ दरवाजे पर खड़ा मिला। उनकी किसी बात को लेकर सचिन कुमार से कहासुनी हो गई। आरोप है कि सचिन कुमार ने उनके चेहरे और सीने पर चाकू से हमला कर दिया।

# गैस न मिलने से कामगारों-मजदूरों पर संकट, बुकिंग के बाद डिलीवरी में लंबा इंतजार

## गरीबों की बढ़ी मुश्किल

» **दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**

राजधानी में एलपीजी गैस की कमी के कारण कई छोटे होटल, ढाबे और फुटपाथ पर खाने-पीने की दुकानों में काम करने वाले लोगों के रोजगार पर संकट आ गया है। गैस की आपूर्ति न होने से इन व्यवसायों का काम ठप हो गया है और इससे जुड़े कर्मचारियों और मजदूरों पर रोजगार संकट आन पड़ा है। होटल और ढाबों संचालकों के अनुसार, उन्हें काम चलाने के लिए गैस नहीं मिल रही है, जिससे उनका रोज का कारोबार पूरी तरह ठप हो गया है।

### गैस की कमी ने रोजगार पर असर डाला

राजेंद्र नगर में एक होटल के मालिक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि गैस न मिलने की वजह से उनका होटल बंद है। इसके कारण न तो होटल चल रहा है और न ही कर्मचारियों को वेतन मिल पा रहा है। इसके अलावा आरकेपुरम के एक ढाबे पर काम करने वाले रामवीर ने बताया कि पिछले दो हफ्ते से ढाबे की रसोई में गैस नहीं आई। इससे पहले उनके ढाबे में रोजाना 10 से 15 कर्मचारी काम करते थे, लेकिन अब कई लोग घर पर बैठे हैं। वहीं,



अन्य कामगार मीरा ने बताया कि उनके पास कोई काम नहीं है और घर का खर्च बढ़ रहा है। बच्चों की फीस और राशन की चिंता उन्हें सताने लगी है। उन्होंने बताया कि दूध, सब्जी और रोटी की आपूर्ति भी अब प्रभावित होने लगी है, जिससे छोटे दुकानदार भी परेशान हैं।

### छोटे कारोबारियों की चिंता बढ़ी

लक्ष्मी नगर, करोल बाग, आरकेपुरम, द्वारका और शाहदरा समेत कई इलाकों में छोटे कारोबारियों को गैस सिलिंडर समय पर नहीं मिल रहे हैं। दक्षिणपुरी में फास्ट फूड का स्टॉल चलाने वाले मन्नू ने बताया कि पिछले तीन दिनों से उन्हें नया सिलिंडर नहीं मिला है। बिना गैस के खाना बनाना संभव नहीं है, इसलिए उन्हें मजबूरी में दुकान बंद करनी पड़ी।

### महंगी गैस से बढ़ी गरीबों की परेशानी

गैस की कमी के साथ कीमतें भी बढ़ गई हैं। छोटे सिलिंडरों में गैस पहले से ज्यादा महंगी हो गई है। मजदूरों के अनुसार, पहले जितने पैसे में हफ्ते भर की गैस मिल जाती थी, अब उतने पैसे में मुश्किल से कुछ दिन ही काम चल पाता है। कई परिवारों ने गैस का इस्तेमाल कम कर दिया है। कुछ घरों में दिन में केवल एक बार ही खाना बन रहा है, जबकि कई लोग चाय और अन्य चीजें बनाने के लिए लकड़ी या कोयला इस्तेमाल करने लगे हैं। आरकेपुरम की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोग बताते हैं कि उनकी परेशानियों की ओर शायद ही कभी किसी का ध्यान जाता है। गैस की कमी सबसे ज्यादा गरीब परिवारों को प्रभावित कर रही है क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं है।

**बुकिंग के बाद भी लंबा इंतजार:** लक्ष्मी नगर, आरके पुरम, विवेक विहार, पंजाबी बाग, मुनिरका, मयूर विहार और संगम विहार समेत कई इलाकों में गैस डिलीवरी में देरी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने ऑनलाइन या फोन से गैस सिलिंडर बुक कराया।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर 22.23 लाख रुपये ठगे

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।**

साइबर ठगों ने लोनी के प्रॉपर्टी डीलर को शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराकर 22.23 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि फतियाबाद निठौरा लोनी में रहने वाले अमित सिंह के मुताबिक वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर ट्रेडिंग में




30 से 40 प्रतिशत मुनाफे का विज्ञापन देखा। उस पर दिए गए नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने ग्लोबिक्स वॉल्ट नामक लिंक से जोड़ा। जहां उनकी मुलाकात आफताब से हुई। आफताब ने शेयर ट्रेडिंग के बारे में बताया और टेलीग्राम ग्रुप पर ज्वाइन कराया। उसके बाद एक मोबाइल एप इंस्टॉल कराया।

इस पर उन्होंने साइबर ठगों के बताए अनुसार धनराशि ट्रांसफर की। पीड़ित ने जब वॉलेट से रुपये निकालने का प्रयास किया तो असफल रहे। ठगी की आशंका होने पर पीड़ित अमित सिंह ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध के मुताबिक पीड़ित ने कुछ मोबाइल नंबर और बैंक खातों का ब्योरा दिया है, जिनकी जांच की जा रही है।

# इंदिरापुरम में 1.20 करोड़ से सुधरेगी पेयजल व्यवस्था

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 20 मार्च।** वार्ड-79 स्थित न्याय खंड-1 में नवरात्र के पहले दिन बृहस्पतिवार को पेयजल की नई पानी की पाइपलाइन डालने के कार्य शुरू हो गया। बृहस्पतिवार को काम का शुभारंभ महापौर सुनीता दयाल ने नारियल फोड़कर किया। करीब 35 साल पुरानी जर्जर लाइन की जगह नई पाइप लाइन डाली जाएगी। लंबे समय से लोगों को लाइन लीक होने के कारण गंदा और सीवर तक का पानी पीना पड़ रहा है। करीब 1.20 करोड़ रुपये की लागत से नई पाइप लाइन डाली जाएगी। उद्घाटन के दौरान नगर आयुक्त और जलकल विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। पुरानी लाइन की वजह से इंदिरापुरम न्यायखंड में स्वच्छ पेयजल की समस्या सबसे अधिक थी। अब नई लाइन बिछने के बाद लोगों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद हरीश कड़ाकोटी, सुरेंद्र सिंह नेगी, हरसिंह मेहता, हरपाल बुटोला, भागवती जुयाल, डॉ. जय सिन्हा, अरविंद नारायण, मातवर सिंह रावत, एसके सिन्हा, अनुपम शुक्ला, नंद किशोर सरदारे, परेश्वर जुयाल, मंगाई, सोबन कड़ाकोटी, पी.सी. कोटनाला और सर्वजीत गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विवाद के बाद दबंगों ने घर पर पथराव किया, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 20 मार्च।** पूर्वी जवाहर नगर कालोनी में युवक के घर पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पीड़ित कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा दक्ष 16 मार्च को बाइक पर जा रहा था। रास्ते में कॉलोनी निवासी हर्ष पांचाल ने दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित होटल के सामने उनके बेटे को रोक कर गोली मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर पड़ोसी युवक मौके से भाग गया। आरोप है कि अगले दिन युवक 25 से अधिक युवकों को लेकर उनके घर के पास पहुंचा। उसने उनके बेटे को कॉल करके घर से बाहर बुलाया। जब वह बाहर न आया तो युवक ने घर पर पथराव करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## पार्सल से दुबई भेजे गए थे सीसीटीवी कैमरों के डाटा संबंधी उपकरण

**कौशांबी, यूटर्न/ 20 मार्च।** देश की जासूसी मामले के तार दुबई से जुड़े हैं। भोवापुर से गिरफ्तार हुए पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले आरोपी सीसीटीवी कैमरों का डेटा व उससे जुड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण दुबई भेज रहे थे। पाकिस्तानी व्यक्ति सरदार ने अपने गुर्गे से आरोपियों के पास जनवरी और फरवरी माह में दो पार्सल भिजवाए थे। इसके बाद सुहेल गैंग ने दिल्ली से इन पार्सल को कोरियर से दुबई भेजा। रिमांड के दूसरे दिन हुई पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारी आरोपियों ने पुलिस को दी है।

## काम के लिए नोएडा जा रहे कारीगर पर चाकू से हमला

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** थानाक्षेत्र के न्यू हिंडन विहार निवासी मोहम्मद फरीद को चार युवकों ने अर्थला की संजय नगर कॉलोनी में चाकू मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने घटना का विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना 13 मार्च की रात को हुई। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद पीड़ित ने तहरीर दी। पुलिस ने बुधवार रात को अर्थला के संजय कॉलोनी निवासी लविश, अरीब, साकिब और रेहान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# 13वीं मंजिल से कूद बेटे ने दी जान, घर में मिला तीन दिन पुराना मां का शव

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।**

यूपी के गाजियाबाद स्थित कविनगर के महागुनपुरम सोसायटी में गुरुवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले ज्योतिषाचार्य राजवीर चावला (42) ने 13वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी, जबकि फ्लैट के अंदर उनकी मां सतनाम कौर (65) का शव मिला। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है और नाक पर खून के धब्बे मिले हैं। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

**मां संग ग्राउंड फ्लोर पर रहता था राजवीर:** एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि राजवीर सोसायटी के विनायक टॉवर में अपनी मां के साथ ग्राउंड फ्लोर पर रहते थे। दोपहर करीब एक बजे सूचना मिली कि उन्होंने जान दे दी है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच की तो फ्लैट के अंदर महिला का शव बरामद हुआ। शरीर पर किसी चोट के निशान नहीं मिले हैं, लेकिन नाक से खून के रिसाव के संकेत हैं। फोरेंसिक टीम ने मौके से नमूने एकत्र किए हैं। दोनों के शवों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

एसीपी के अनुसार, पुलिस की



प्राथमिक जांच में सामने आया है कि राजवीर का पत्नी किरण बाला से विवाद चल रहा था। उनकी पत्नी छह वर्षीय बेटे के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक की गौड़ सिटी में अलग रह रही है।

पड़ोसियों के अनुसार, राजवीर ने ज्योतिषाचार्य के काम से आमदनी न होने पर गत दिनों ब्रॉडकास्ट शुरू किया था, जो बंद हो चुका है। ऐसे में वह आर्थिक तंगी और अवसाद से जूझ रहे थे।

### मां की हत्या के बाद दी जान

पिछले कुछ समय से उन्होंने लोगों से बातचीत भी कम कर दी थी। चर्चा है कि मां की हत्या के बाद राजवीर ने आत्महत्या की। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## बिना मैन्यूफेक्चरिंग डेट के बेच रहे थे कुट्टू, १५१० किलो जब्त

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बृहस्पतिवार को रमते राम रोड स्थित विनिर्माण फर्म मेसर्स गोगिया ग्राइंडर्स के यहां से 63 बोरी कुट्टू का आटा और 40 बोरी सेंधा नमक जब्त किया। सहायक आयुक्त खाद्य आशुतोष राय ने बताया कि सेंधा नमक और कुट्टू की बोरियों पर मैन्यूफेक्चरिंग डेट नहीं थी। नमक के पैकेट पर कोई लेबल नहीं लगा था, जिसमें एक्सपायरी डेट या अन्य जानकारियां होती है। कुट्टू बोरियों में पैक था, जिसका कोई बिल वाउचर नहीं था और न ही मानकों के अनुसार कोई जानकारी थी। मिलावट के संदेह में टीम ने 2520 किलो कुट्टू और 1050 किग्रा सेंधा नमक जब्त किया गया है। तीन नमूने भी लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार से अभियान शुरू हुआ है, जो 25 मार्च तक चलेगा। इस दौरान टीम ने व्रत में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुट्टू का आटा, सांवक के चावल, सेंधा नमक, सिंघाड़ा आटा, चौलाई के लड्डू सहित कुल 20 नमूने लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

# मां-बेटी की झुलसने से हुई मौत और बाकी सदस्यों की दम घुटने से गई जान, पोस्टमॉर्टम से हुआ खुलासा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को हुई पालम हादसे जान गंवाने वाले 9 लोगों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिए थे। पोस्टमार्टम के दौरान पता चला है कि राजेंद्र कश्यप की बुजुर्ग पत्नी लाडो देवी और बेटी हिमांशी की आग में झुलसने से मौत हुई जबकि परिवार के बाकी सात सदस्यों की जान धुएं में दम घुटने से गई। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पोस्टमार्टम के दौरान डीडीयू अस्पताल के डॉक्टरों ने यह जानकारी दी है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि डिटेल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सभी की मौत की असल वजह पता चल पाएगी। इसके एक सप्ताह में




आने की उम्मीद है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि साध नगर की जिस इमारत में हादसा हुआ उसके बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर कामर्शियल गतिविधि हो रही थीं। दूसरी और तीसरी मंजिल पर राजेंद्र कश्यप का परिवार रहता था।

बुधवार को जब आग लगी तो दूसरी मंजिल पर लाडो देवी, बेटी हिमांशी और सचिन फंस गए। तीसरी मंजिल पर दूसरे बेटों के परिवार थे। आग नीचे से ऊपर की ओर बढ़ रही थी। सचिन ने किसी तरह पड़ोसी की छत पर कूदकर अपनी जान बचा ली। इसी बीच आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई तो रास्ता नहीं होने से लाडो और हिमांशी फंस गई और उनकी जलकर मौत हो गई।

आग तीसरी मंजिल तक पहुंचती उससे पहले उसको काबू कर लिया गया। हालांकि तीसरी मंजिल पर पूरी तरह धुआं भर चुका था, जिसकी वजह से वहां मौजूद लोगों का भी धुएं से दम घुट गया।

# यामाहा ट्रीसिटी 300 स्कूटर के लिए नया एयरबैग सिस्टम तैयार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**

ऑटोलिव कंपनी ने यामाहा के साथ मिलकर यामाहा ट्रीसिटी 300 स्कूटर के लिए एक नया एयरबैग सिस्टम तैयार किया है। इससे पहले ऑटोलिव ने पियाजियो ग्रुप के साथ एमपी 3 स्कूटर के लिए भी ऐसी तकनीक पर काम किया था, हालांकि वह अभी बड़े पैमाने पर उत्पादन में नहीं आ सकी है।



यह सिस्टम खासतौर पर सामने से होने वाली टक्कर के दौरान राइडर को अतिरिक्त सुरक्षा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस नए एयरबैग सिस्टम को स्कूटर के सामने वाले हिस्से यानी एप्रन के अंदर लगाया गया है। दुर्घटना की स्थिति में यह एयरबैग राइडर के सामने खुल जाता है और टक्कर के प्रभाव को कम करने में मदद करता है। कंपनी के अनुसार इस तकनीक को रोजमर्रा के उपयोग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि वाहन का संतुलन, स्टोरेज स्पेस और राइडिंग अनुभव प्रभावित न हो। ऑटोलिव ने बताया कि इस सिस्टम की टेस्टिंग एडवांस्ड सिमुलेशन और क्रैश टेस्टिंग के जरिए की गई है। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ मिकाइल ब्राट के अनुसार यह सहयोग कंपनी की भविष्य की रणनीति का अहम हिस्सा है और मोटरसाइकिल चालकों की सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यामाहा ट्राइसिटी 300 का एयरबैग वर्जन कंपनी की यूरोपीय वेबसाइट पर सूचीबद्ध किया जा चुका है, हालांकि इसकी कीमत का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

इस बीच इंडिया यामाहा मोटर ने भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेगमेंट में भी कदम रखा है। कंपनी ने यामाहा ईसी-06 इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया है, जिसकी फरवरी 2026 में 92 यूनिट की होलसेल बिक्री दर्ज की गई। यह स्कूटर 1,67,600 रुपये (एक्स-शोरूम) की कीमत पर बाजार में उतारा गया है। आमतौर पर दोपहिया वाहनों के लिए एयरबैग सिस्टम प्रीमियम राइडिंग जैकेट या एयरबैग वेस्ट के रूप में मिलते हैं। बहुत कम ऐसे उदाहरण हैं, जहां यह तकनीक सीधे वाहन में लगाई गई हो। चुनिंदा मॉडलों में से एक होंडा गोल्ड विंग टूर है, जिसमें पहले से एयरबैग फीचर दिया गया है।

## ईरान-इजरायल संघर्ष के बाद कच्चा तेल 118 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** ईरान-इजरायल संघर्ष के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेजी आई। ब्रेंट क्रूड की कीमत युद्ध शुरू होने के बाद से 60 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 118 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी अवरोध पहले ही आपूर्ति को दबाव में डाल रहे थे, अब इन हमलों से वैश्विक बाजार और अस्थिर हो गया है। कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने ईरानी हमलों की निंदा की। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल घीत ने इसे खतरनाक उकसावे वाला बताया। ईरान ने अपने प्रमुख गैस क्षेत्र साउथ पार्स पर इजरायली हमले के जवाब में खाड़ी देशों में तेल और गैस प्रतिष्ठानों पर हमले बढ़ा दिए हैं। इन हमलों में शामिल हैं संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक जहाज में आग लगना, कतर के पास एक अन्य जहाज को क्षति, और सऊदी अरब की यानबू रिफाइनरी पर ड्रोन हमला। इससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने आश्वासन दिया कि इजरायल और हमले नहीं करेगा, लेकिन चेतावनी दी कि अगर ईरान ने कतर पर हमला किया तो अमेरिका पूरे क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई करेगा। पेंटागन ने ईरान युद्ध के लिए 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त बजट मांगा। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने हमलों के अनियंत्रित परिणाम होने की चेतावनी दी, जो पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं।

## खुशहाली की दौड़ में भारत 116वें स्थान पर, रिपोर्ट ने चौंकाया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** गुरुवार को जारी 14वीं वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में फिनलैंड लगातार नौवें साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश घोषित हुआ, इसका स्कोर 7.764/10 रहा। इसके बाद आइसलैंड और डेनमार्क का स्थान रहा। डेनमार्क को छोड़कर शीर्ष तीन देशों में खुशहाली स्कोर में वृद्धि हुई। भारत इस साल 147 देशों में 116वें स्थान पर रहा, औसत स्कोर 4.536। 2024 में भारत 118वें स्थान पर था। रिपोर्ट में दिखाया गया कि भारत ने छह संकेतकों में से चार में 1 अंक से भी कम स्कोर किया। 2019झ2025 के बीच भारत का प्रति व्यक्ति जीडीपी बढी, लेकिन स्वस्थ जीवन प्रत्याशा और उदारता में गिरावट देखी गई। 2011झ2025 के बीच भारत का कुल खुशहाली स्कोर 0.44 फीसदी घटा। पड़ोसियों में चीन ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की जबकि अफगानिस्तान में सबसे ज्यादा गिरावट हुई। रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि केवल आर्थिक विकास देश की खुशहाली तय नहीं करता। सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य और पारदर्शिता भी लोगों की जीवन संतुष्टि में अहम भूमिका निभाते हैं।

## रुपये में रिकॉर्ड गिरावट,19 पैसे टूटकर 93.08 प्रति डॉलर पर

### कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला

**मुंबई, यूटर्न/ 20 मार्च।** रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में 19 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 93.08 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी डॉलर में मजबूती एवं विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक शुरूआत ने मुद्रा में और अधिक गिरावट को कुछ हद तक रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 92.92 पर खुला। हालांकि जल्द ही और गिरावट के साथ यह 93 के स्तर से नीचे चला गया तथा 93.08 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे कम है। रुपया बुधवार को 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा बाजार गुड़ी पड़वा के मौके पर गुरुवार को बंद थे।

## केंद्र ने मैग्नेट निर्माण प्लांट्स के लिए मांगी बोलियां

# रेयर अर्थ मैग्नेट निर्माण को बढ़ावा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**

भारी उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की योजना के तहत 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता वाली एकीकृत सिंटर्ड एनडीएफईबी रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स स्थापित करने के लिए लाभार्थियों के चयन हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है।



भारी उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इस निविदा प्रक्रिया के माध्यम से इच्छुक आवेदक देश में एकीकृत सिंटर्ड एनडीएफईबी आरईपीएम विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए अपनी बोलियां जमा कर सकते हैं और योजना के अंतर्गत पूंजी सब्सिडी और बिक्री-संबंधी प्रोत्साहनों का लाभ उठाने के पात्र हो सकते हैं। निविदा प्रक्रिया केंद्रीय सार्वजनिक खरीद (सीपीपी) पोर्टल के माध्यम से दो चरणों (तकनीकी बोली और वित्तीय बोली) वाली पारदर्शी न्यूनतम लागत प्रणाली (एलसीएस) के तहत ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

निविदा दस्तावेज 20 मार्च, 2026 से उपलब्ध हैं। बोली-पूर्व सम्मेलन 7 अप्रैल, 2026 को आयोजित किया जाएगा। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 28 मई, 2026 है और तकनीकी बोलियां 29 मई, 2026 को खोली जाएंगी। 26 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7,280 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईएम) के निर्माण को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दी थी। यह योजना अपने आप में एक नई और अनोखी पहल है जिसका उद्देश्य भारत में प्रति वर्ष 6,000 मीट्रिक टन (एमटीपीए) की एकीकृत रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट विनिर्माण संयंत्रों की स्थापना करना है जिससे आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और भारत वैश्विक आरईएम बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपनी पहचान बनाएगा। योजना के अंतर्गत 750 करोड़ रुपए की पूंजीगत सब्सिडी और 6,450 करोड़ रुपए का बिक्री-संबंधी प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। साथ ही तीन सबसे कम बोली लगाने वालों को आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड से एनडीपीआर ऑक्साइड की सीमित आपूर्ति भी दी जाएगी। रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट विश्व के सबसे शक्तिशाली मैग्नेट्स में से हैं और इनका व्यापक रूप से विद्युत वाहनों, पवन टर्बाइनों, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा प्रणालियों में उपयोग किया जाता है।

भारत में एनडीपीआर ऑक्साइड से लेकर तैयार चुंबकों तक की पूरी मूल्य श्रृंखला का निर्माण करने की योजना से इस क्षेत्र में आयात पर निर्भरता को काफी हद तक कम किए जाने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचडीएफसी बैंक में चेयरमैन के इस्तीफे से हलचल, शेयर दबाव में

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को जहां एक ओर तेजी देखने को मिली, वहीं एचडीएफसी बैंक का शेयर दबाव में नजर आया। बैंक का स्टॉक लगभग 790 से 798 रुपये के दायरे में गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा। इस गिरावट की मुख्य वजह बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती का अचानक इस्तीफा माना जा रहा है। चक्रवर्ती ने 18 मार्च 2026 को तत्काल प्रभाव से पद छोड़ा। अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाएं और प्रक्रियाएं हुईं, जो उनके व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं थीं।

### बाइक सेगमेंट में 30.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।** सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) की रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी में मोटरसाइकिल सेगमेंट ने सालाना आधार पर 30.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। पिछले साल फरवरी में जहां करीब 8.38 लाख मोटरसाइकिलों की बिक्री हुई थी, वहीं इस साल यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 10.96 लाख यूनिट्स तक पहुंच गया है। इससे साफ है कि देश में दोपहिया वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बिक्री के मामले में हीरो मोटोकॉर्प ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा। कंपनी ने फरवरी में कुल 4,63,291 मोटरसाइकिलें बेचते हुए सालाना आधार पर 43 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की। किफायती और भरोसेमंद मॉडल होने के कारण स्प्लेंडर और पैशन जैसी बाइक्स अभी भी मध्यम वर्ग और कामकाजी लोगों की पहली पसंद बनी हुई हैं। बिक्री के मामले में दूसरे स्थान पर होंडा रही, जिसने करीब 2.30 लाख यूनिट्स की बिक्री की।

## होंडा की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी को 2026-27 में लॉन्च की तैयारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**

भारत में होंडा कार्स इंडिया कंपनी ने अपनी आगामी इलेक्ट्रिक एसयूवी का टेस्ट रन शुरू कर दिया है, जिसके साथ ही इस मॉडल की पब्लिक रोड टेस्टिंग भी आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। टेस्टिंग के दौरान एसयूवी को देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न तरह की सड़कों पर चलाकर परखा जाएगा। टेस्टिंग के तहत इसे हाईवे, शहर की सड़कों और खराब रास्तों पर चलाकर देखा जाएगा कि भारतीय परिस्थितियों में इसकी परफॉर्मेंस कैसी रहती है। कंपनी की इंजीनियरिंग टीम खास तौर पर गाड़ी की मजबूती, हैंडलिंग, राइड कम्फर्ट, एफिशिएंसी और भरोसेमंद प्रदर्शन पर ध्यान दे रही है।

भारतीय मौसम और सड़क की स्थितियां काफी विविध होती हैं, इसलिए इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को भीषण गर्मी और मॉनसून के मौसम में भी टेस्ट किया जाएगा। इसके साथ ही अलग-अलग चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर इसकी चार्जिंग क्षमता की भी जांच की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह गाड़ी रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए पूरी तरह उपयुक्त हो।



इस इलेक्ट्रिक एसयूवी का कॉन्सेप्ट पहले जापान मोबिलिटी शो 2025 में होंडा ओ क्यू के रूप में पेश किया गया था। अब उसी प्रोजेक्ट के तहत भारत के लिए तैयार किए जा रहे प्रोडक्शन मॉडल की टेस्टिंग शुरू की गई है। कंपनी के प्रमुख ताकाशी नाकाजीमा के अनुसार पूरे भारत में शुरू हुई पब्लिक रोड टेस्टिंग कंपनी की इलेक्ट्रिफिकेशन रणनीति का महत्वपूर्ण चरण है।

उनका कहना है कि भारत की जलवायु और ड्राइविंग परिस्थितियां अलग हैं, इसलिए वास्तविक हालात में गाड़ियों की जांच बेहद जरूरी है। कंपनी की योजना के अनुसार यह नई इलेक्ट्रिक एसयूवी वित्त वर्ष 2026-27 में बाजार में लॉन्च की जाएगी। इसे खास तौर पर शहरों और लाइफस्टाइल-फोकस्ड ड्राइविंग को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है।

## डीजीसीए ने एयरलाइंस को पश्चिम एशिया के नौ देशों के ऊपर से उड़ान न भरने का दिया निर्देश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।**



भारत की एविएशन रेगुलेटर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने ईरान-अमेरिका, इजरायल युद्ध के कारण प्रभावित नौ देशों के एयरस्पेस का इस्तेमाल न करने का निर्देश दिया है।

इन देशों में बहरीन, ईरान, इराक, इजरायल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का नाम शामिल है।

हालांकि, नागरिक विमानन प्राधिकरण (डीजीसीए) की अधिसूचना के अनुसार, कुछ विशिष्ट शर्तों के अधीन ओमान और सऊदी अरब के ऊपर से उड़ानें संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है।

विमानन नियामक के अनुसार, अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान में हाल ही में किए गए सैन्य हमलों ने नागरिक विमानन के लिए उच्च जोखिम वाला वातावरण बना दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई ने खतरे को और बढ़ा दिया है, जिससे उड़ान संचालन के लिए गंभीर जोखिम पैदा हो गए हैं। साथ ही, एयरलाइंस को सऊदी अरब और ओमान के निर्दिष्ट हवाई क्षेत्र में 32,000 फीट (एलएल320) से नीचे उड़ान न भरने की सलाह दी गई है।

नियामक ने संभावित व्यवधानों, जिनमें मार्ग परिवर्तन शामिल हैं, से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा जोखिम मूल्यांकन और मजबूत आकस्मिक योजनाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। यह सलाह तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और 28 मार्च तक प्रभावी रहेगी, जब तक कि बदलते हालात के आधार पर इसमें पहले संशोधन न किया जाए। डीजीसीए ने एयरलाइंस को सभी उड़ान स्तरों और ऊंचाइयों पर प्रभावित हवाई क्षेत्रों में संचालन से बचने का निर्देश दिया है।

संक्षिप्त खबरें

## गैस बुक होने के बाद भी नहीं मिल रहा सिलिंडर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** गैस आपूर्ति की समस्या अभी भी बनी हुई है। लोगों को अभी भी घर पर गैस सिलिंडर मिलने में परेशानी आ रही है। गैस बुक नहीं होना और गैस बुक होने के बाद भी घर पर सिलिंडर न पहुंचने जैसी समस्याओं की शिकायतें जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी के पास आ रही हैं। गैस एजेंसियों की वेबसाइट धीमा चलने की वजह से बृहस्पतिवार को भी लोग परेशान रहे। नवरात्र और ईद में सिलिंडर की जरूरतों की वजह से लोग एजेंसी के चक्कर लगाते रहे। बृहस्पतिवार को भी गैस एजेंसियों पर लोग सिलिंडर लेने के लिए पहुंचे। एजेंसी संचालकों ने बताया कि अब पहले से मुकाबले कम भीड़ आ रही है लेकिन सर्वर डाउन रहने की वजह से लोगों को गैस बुकिंग में दिक्कत आ रही है। सबसे अधिक परेशान वह लोग हैं जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं था। ऐसे अधिकतर गैसे एजेंसी से सिलिंडर खरीदकर अपना काम चला रहे थे। यूपी एलपीजी एसोसिएशन और गाजियाबाद एलपीजी एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि सर्वर की समस्या अभी भी बनी हुई है। गैस आपूर्ति समान्य हो गई है।

## गैस बुक होने के बाद भी नहीं मिल रहा सिलिंडर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** गैस आपूर्ति की समस्या अभी भी बनी हुई है। लोगों को अभी भी घर पर गैस सिलिंडर मिलने में परेशानी आ रही है। गैस बुक नहीं होना और गैस बुक होने के बाद भी घर पर सिलिंडर न पहुंचने जैसी समस्याओं की शिकायतें जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी के पास आ रही हैं। गैस एजेंसियों की वेबसाइट धीमा चलने की वजह से बृहस्पतिवार को भी लोग परेशान रहे। नवरात्र और ईद में सिलिंडर की जरूरतों की वजह से लोग एजेंसी के चक्कर लगाते रहे। बृहस्पतिवार को भी गैस एजेंसियों पर लोग सिलिंडर लेने के लिए पहुंचे। एजेंसी संचालकों ने बताया कि अब पहले से मुकाबले कम भीड़ आ रही है लेकिन सर्वर डाउन रहने की वजह से लोगों को गैस बुकिंग में दिक्कत आ रही है। सबसे अधिक परेशान वह लोग हैं जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं था।

# शराब ठेके व प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर फायरिंग के मामले में दो आरोपी मुठभेड़ के बाद काबू

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।**

शराब ठेके व एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर गोली चलाकर रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में मच्छगर गांव का अनिल उर्फ खान व चंदावली गांव का मनीष शामिल है। अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने बुधवार देर रात आईएमटी इलाके में मुठभेड़ के बाद इन्हें काबू किया।



एसीपी क्राइम टू वरुण कुमार दहिया ने बृहस्पतिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि 14 मार्च की रात को आरोपियों ने सेक्टर-68 चंदावली आईएमटी रेड लाइट पर स्थित शराब ठेके पर फायरिंग कर 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी मांगी थी। इसके कुछ देर बाद ही इन्होंने गांव मच्छर स्थित एक कार्यालय पर फायरिंग कर 50 लाख की रंगदारी मांगी थी। मामले में ठेका संचालक व कार्यालय के मालिक की शिकायत पर थाना सदर बल्लभगढ़ में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच के लिए अपराध शाखा ऊंचा गांव, सेक्टर 65 व सेक्टर 85 की तीन टीमों को लगाया गया।

बुधवार 18 मार्च की रात को अपराध शाखा ऊंचागांव की टीम को सूचना मिली कि रंगदारी मांगने व गोली चलाने वाले आरोपी सोतई नहर पुल रोड से आईएमटी होते हुए गांव मच्छगर की तरफ जाने वाले हैं। टीम ने आईएमटी क्षेत्र में निर्माणाधीन इंडियन ऑयल भवन के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान बाइक पर आ रहे आरोपियों को रोकने का प्रयास किया तो वे भागने लगे। आरोपी मनीष को काबू कर लिया गया जबकि दूसरे आरोपी अनिल ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस टीम पर 3 गोली चलाई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अनिल के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस टीम ने मौके से 1 देसी पिस्टल व 2 जिंदा राउंड, 3 खाली खोल व बाइक बरामद की है। मुठभेड़ को लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना सदर बल्लभगढ़ में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### आरोपियों पर पहले भी दर्ज हैं एफआईआर

आरोपी अनिल के खिलाफ पहले भी लूट, डकैती, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट की 12 एफआईआर दर्ज हैं। इसको जुलाई 2025 में थाना सदर बल्लभगढ़ के एक हत्या के प्रयास के मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। करीब 2 महीने पहले ही वह जेल से बाहर आया था। वहीं मनीष 12वीं कक्षा का छात्र है।

### घटना के बाद विनोद भाटी ने पुलिस ने मांगी सुरक्षा

प्रॉपर्टी डीलर व भाजपा नेता के कार्यालय पर फायरिंग और फिरौती मांगने के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने मात्र 3 दिन में दोनों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी को लेकर भाजपा नेता विनोद भाटी ने पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया है और पुलिस से सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की है। विनोद भाटी ने कहा कि इस वारदात के बाद उनको व उनके परिवार को जान का खतरा है।

## बिना मैन्यूफेक्क्रिंग डेट के बेच रहे थे कुट्टू, 2520 किलो जब्त

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बृहस्पतिवार को रमते राम रोड स्थित विनिर्माण फर्म मेसर्स गोगिया ग्राइंडर्स के यहां से 63 बोरी कुट्टू का आटा और 40 बोरी सेंधा नमक जब्त किया। सहायक आयुक्त खाद्य आशुतोष राय ने बताया कि सेंधा नमक और कुट्टू की बोरियों पर मैन्यूफेक्चरिंग डेट नहीं थी। नमक के पैकेट पर कोई लेबल नहीं लगा था, जिसमें एक्सपायरी डेट या अन्य जानकारियां होती है। कुट्टू बोरियों में पैक था, जिसका कोई बिल वाउचर नहीं था और न ही मानकों के अनुसार कोई जानकारी थी। मिलावट के संदेह में टीम ने 2520 किलो कुट्टू और 1050 किग्रा सेंधा नमक जब्त किया गया है। तीन नमूने भी लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार से अभियान शुरू हुआ है, जो 25 मार्च तक चलेगा। इस दौरान टीम ने व्रत में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुट्टू का आटा, सांवक के चावल, सेंधा नमक, सिंघाड़ा आटा, चौलाई के लड्डू सहित कुल 20 नमूने लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## फलों का ठेला लगाने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, चार घायल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** क्रॉसिंग रिपब्लिक के गिगरी गोल चक्कर पर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडें चले और पथराव हुआ। दोनों पक्षों से महिला सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मनवीर सिंह टिगरी गोल चक्कर पर फलों का ठेला लगाते हैं। करीब डेढ़ माह पूर्व मनवीर अपने गांव चले गए थे।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर 22 .23 लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** साइबर ठगों ने लोनी के प्रॉपर्टी डीलर को शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराकर 22.23 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि फतियाबाद निठौरा लोनी में रहने वाले अमित सिंह के मुताबिक वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर ट्रेडिंग में 30 से 40 प्रतिशत मुनाफे का विज्ञापन देखा। उस पर दिए गए नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने ग्लोबिक्स वॉल्ट नामक लिंक से जोड़ा। जहां उनकी मुलाकात आफताब से हुई। आफताब ने शेयर ट्रेडिंग के बारे में बताया और टेलीग्राम ग्रुप पर ज्वाइन कराया। उसके बाद एक मोबाइल एप इंस्टॉल कराया। इस पर उन्होंने साइबर ठगों के बताए अनुसार धनराशि ट्रांसफर की। पीड़ित ने जब वॉलेट से रुपये निकालने का प्रयास किया तो असफल रहे। ठगी की आशंका होने पर पीड़ित अमित सिंह ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध के मुताबिक पीड़ित ने कुछ मोबाइल नंबर और बैंक खातों को ब्योरा दिया है, जिनकी जांच की जा रही है।

## चाय न बनाने पर तार से गला घोंटकर पत्नी की हत्या के दोषी को उम्रकैद

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** चाय न बनाने पर तार से गला घोंटकर पत्नी की हत्या के दोषी सुरेंद्र को जिला अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने सजा पर फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। खेड़ीपुल थाना में हत्या की धारा में ये एफआईआर 3 अप्रैल 2022 को दर्ज हुई थी। भारत कॉलोनी में रहने वाले इंद्रपाल ने मामले में पुलिस को शिकायत दी थी। इसमें कहा गया कि उन्होंने अपनी बेटी सुनीता की शादी सेक्टर-86 इलाके में रहने वाले सुरेंद्र से 21 मई 2005 को की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही सुरेंद्र ने सुनीता को परेशान करना व पीटना शुरू कर दिया। कई बार सुरेंद्र को इसके लिए समझाया गया। सुनीता अक्सर परिवार व पिता को कहती थी कि समय आने पर सुरेंद्र सुधर जाएगा, वो बस अपना घर बचाना चाहती है। मार्च 2022 की शुरूआती में सुरेंद्र से झगड़े के चलते सुनीता अपने पिता के घर चली गई। 1 अप्रैल 2022 को सुरेंद्र अपनी पत्नी सुनीता को लेने ससुराल गया। वहां माफी मांगी और आगे से झगड़ा न करने की बात कहकर सुनीता को अपने साथ ले गया। 2 अप्रैल को इंद्रपाल को भतीजे ने बताया कि सुनीता कॉल पिक नहीं कर रही है। इंद्रपाल ने घर जाकर देखा तो सुनीता छत पर बने टॉयलेट में मृत पड़ी थी और सुरेंद्र वहां नहीं था। 3 अप्रैल को खेड़ीपुल थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 4 अप्रैल 2022 को सुरेंद्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दावा किया कि सुरेंद्र ने पूछताछ में खुलासा किया है कि 2 अप्रैल 2022 की सुबह उसने सुनीता को चाय बनाने के लिए कहा। सुनीता ने कहा कि वो नहाने जा रही है, तुम खुद चाय बना लो।

## मेंटेनेंस को लेकर उद्यमियों और एचएसआईआईडीसी के बीच तनातनी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** जिले के आईएमटी क्षेत्र में मेंटेनेंस को लेकर उद्यमियों और हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। हाल ही में आईएमटी के उद्यमियों ने एचएसआईआईडीसी अधिकारियों से मुलाकात की, जिसमें बीते चार वर्षों से लंबित मेंटेनेंस कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान उद्यमियों ने साफ तौर पर कहा कि जब तक नगर निगम फरीदाबाद (एमसीएफ) और एचएसआईआईडीसी के बीच मेंटेनेंस को लेकर पूर्ण रूप से एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर नहीं हो जाते, तब तक वे पिछले चार वर्षों का मेंटेनेंस शुल्क जमा नहीं करेंगे। उनका कहना है कि जिम्मेदारियों को लेकर स्पष्टता नहीं होने के कारण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उद्यमियों ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस व्यवस्था स्पष्ट न होने से सड़कों की हालत खराब हो चुकी है, सीवरेज और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। इससे औद्योगिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है और कारोबार प्रभावित हो रहा है।

# अल फलाह यूनिवर्सिटी में एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।** व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल से चर्चा में आई फरीदाबाद के धौज स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी में आईएएस डॉ. अमित कुमार अग्रवाल को एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया गया है।




बुधवार को एडमिनिस्ट्रेटर का चार्ज संभालने के बाद बृहस्पतिवार को ही उन्होंने यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर समेत अन्य पदों की जिम्मेदारी तय कर दी है। फरीदाबाद की ही जेसी बोस यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. अजय रंगा को अल फलाह यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन डॉ. राजीव कुमार सिंह को अल फलाह यूनिवर्सिटी में भी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन की जिम्मेदारी दी गई है। जेसी बोस के चीफ अकाउंट्स ऑफिसर रवि कुमार शर्मा को अल फलाह के चीफ फाइनेंस एंड अकाउंट्स ऑफिसर, जेसी बोस के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. मेहा शर्मा को अल फलाह की रजिस्ट्रार, जेसी बोस के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट अभिनव को अल फलाह के वीसी व रजिस्ट्रार की ओर से एडमिनिस्ट्रेटिव वर्क, जेसी बोस के असिस्टेंट राजदीप को अल फलाह के वीसी व रजिस्ट्रार ने एडमिनिस्ट्रेटिव वर्क की जिम्मेदारी दी है।

# अरावली के रक्षकों को मिलेगी हाईटेक ढाल, धौज में बनेगा प्रदेश का पहला वाइल्डलाइफ रिसर्च सेंटर

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।**

अरावली की पहाड़ियों में बढ़ते शहरी दबाव के बीच वन्यजीवों की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। जिले के धौज क्षेत्र में हरियाणा का पहला वाइल्डलाइफ मॉनिटरिंग एंड रिसर्च सेंटर स्थापित करने की योजना तैयार की गई है।

वन विभाग ने इसका विस्तृत प्रस्ताव बनाकर सरकार को मंजूरी के लिए भेज दिया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलते ही अरावली क्षेत्र में वन्यजीवों की वैज्ञानिक निगरानी, शोध और संरक्षण का काम व्यवस्थित तरीके से शुरू हो सकेगा।



धौज और आसपास का रिजर्व फॉरेस्ट अरावली पर्वतमाला का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में यहां तेंदुआ, धारीदार लकड़बग्घा, सियार, नीलगाय सहित कई वन्यजीवों की सक्रियता बढ़ी है। दूसरी ओर लगातार बढ़ते निर्माण कार्य और शहरी विस्तार के कारण जंगल का दायरा प्रभावित हुआ है, जिससे कई बार वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ जाते हैं।

विभाग का मानना है कि प्रस्तावित रिसर्च सेंटर बनने के बाद इन घटनाओं को रोकने में काफी मदद मिलेगी।

### मिलेगा वैज्ञानिक डाटा

अरावली क्षेत्र में वन्यजीवों की संख्या, उनके मूवमेंट और प्राकृतिक आवास को लेकर अब तक कोई ठोस वैज्ञानिक डाटा उपलब्ध नहीं है। विभाग को कई बार सूचना मिलने पर ही मौके पर टीम भेजनी पड़ती है, जिससे समय भी लगता है और जोखिम भी बढ़ जाता है। रिसर्च सेंटर बनने के बाद नियमित निगरानी और अध्ययन के आधार पर वन्यजीवों के व्यवहार को समझा जा सकेगा और उसी के अनुसार संरक्षण की योजना बनाई जाएगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# ऑस्कर में पति निक संग छाईं प्रियंका



हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह ऑस्कर अवॉर्ड्स के 98वें संस्करण में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी शानदार मौजूदगी से एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाया। यह भव्य समारोह हाल ही में लॉस एंजिलिस के प्रसिद्ध डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया गया, जिसे भारत में 16 मार्च को प्रसारित किया गया। इस खास मौके पर प्रियंका अपने पति और मशहूर सिंगर निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं और अपनी स्टाइलिश उपस्थिति से सभी का ध्यान खींच लिया। प्रियंका चोपड़ा इस समारोह में ऑफ-शोल्डर व्हाइट गाउन में दिखाई दीं, जिसमें थाई-हाई स्लिट डिजाइन ने उनके लुक में बोल्डनेस का खास तड़का लगाया। उनके इस ग्लैमरस अंदाज की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी, खूबसूरत तस्वीरें साझा कर सुनाया बचपन का किस्सा



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की।

**साझा किया बचपन का किस्सा :** 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया। उन्होंने लिखा, ' जब मैं छोटी बच्ची थी और कोई राज्य स्तर पर विजेता बनता था, तो मुझे वो सुपरस्टार की तरह देखते थे। मैं सोचती थी कि उन्होंने ये सब कुछ कैसे अचीव किया, वे दिन भर क्या करते हैं, वगैरह। और कल शाम राज्य पुरस्कार जीतना मेरे सपनों के पूरे होने जितना खास था। मुझे नहीं लगता कि मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां कर सकती हूँ, लेकिन मुझे ऐसा लग रहा है कि मैंने बहुत लंबा सफर तय किया है। मुझे इसके लिए खुशी है।'



## कई सेलेब्स पहुंचे अवॉर्ड शो में

रश्मिका इस समारोह में अपनी सास के साथ पहुंची थीं। वहीं इस खास मौके पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क और मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस समारोह के दौरान कई अवॉर्ड दिए गए। इस खूबसूरत शाम में चिरंजीवी, कमल हासन, अक्किनेनी नागार्जुन, नागा चैतन्य, रश्मिका मंदाना और माधुरी दीक्षित जैसे कई बड़े सितारे इसमें शामिल हुए।

## रश्मिका के अपकमिंग प्रोजेक्ट

रश्मिका मंदाना आने वाले वक्त में कई फिल्मों में नजर आएंगी। इनमें 'कॉकटेल 2', 'रणबाली', 'एनिमल पार्क', 'पुष्पा 3' और 'मैसा' के नाम शामिल हैं। फिल्म 'रणबाली' में रश्मिका को उनके एक्टर पति विजय देवरकोंडा के साथ देखा जाएगा। बात करें फिल्म 'मैसा' की तो इसमें रश्मिका बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आएंगी। 27 जून 2025 को इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज किया गया था.

# वर्कआउट करते सोहा अली खान का वीडियो हुआ वायरल



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जिम से जुड़ा एक खास वीडियो साझा किया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। वीडियो में सोहा अकेली नहीं हैं, बल्कि उनके साथ उनका प्यारा पालतू भी नजर आ रहा है। इस वीडियो में सोहा जिम में अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज करती दिखाई दे रही हैं। वहीं दूसरी ओर उनका पालतू कुत्ता पूरे जोश के साथ इधर-उधर दौड़ता और खेलता नजर आता है। वीडियो में सोहा अपने वर्कआउट पर ध्यान देती दिख रही हैं, जबकि उनका पालतू अपनी मस्ती में व्यस्त दिखाई देता है।

इस मजेदार और दिलचस्प पल ने वीडियो को और भी खास बना दिया है। वीडियो के साथ सोहा अली खान ने एक हल्का-फुल्का कैप्शन भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में पूछा, 'क्या आपका जिम पार्टनर भी अपना पूरा योगदान देता है? मेरा तो सिर्फ आराम वाले दिन बनाने में ही माहिर है।' उनके इस मजेदार कैप्शन ने भी प्रशंसकों का ध्यान खींचा और लोगों ने इस पर कई मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं। सोहा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और उनके प्रशंसक कमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोग पपी को बेहद क्यूट बता रहे हैं, तो कुछ लोग सोहा के फिटनेस और मस्ती से भरे अंदाज की तारीफ कर रहे हैं। प्रशंसकों का कहना है कि यह वीडियो फिटनेस के साथ-साथ खुशी और सकारात्मक ऊर्जा का भी संदेश देता है। सोहा अली खान अक्सर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी फिटनेस, लाइफस्टाइल और रोजमर्रा की गतिविधियों की झलक साझा करती रहती हैं। इसके अलावा वह अपने पॉडकास्ट के जरिए भी लोगों को प्रेरित करती हैं। हाल ही में वह फिल्म छोरी 2 में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने 'दासी मां' का नकारात्मक किरदार निभाया था। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नुसरत भरुचा दिखाई दी थीं। फिलहाल सोहा 'ऑल अबाउट हर' नाम का पॉडकास्ट होस्ट कर रही हैं। इस पॉडकास्ट में कामकाजी महिलाओं से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

# अक्षय कुमार ने की 'मुंबई क्लीन लीग' शुरू करने की घोषणा



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने मायानगरी मुंबई को साफ और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू करने की घोषणा की है। अक्षय कुमार ने 'मुंबई क्लीन लीग' नामक एक विशेष अभियान की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस मुहिम से जोड़ना है। अक्षय कुमार ने बताया कि इस लीग का विचार उन्हें खेल जगत की लोकप्रिय प्रतियोगिता इंडियन प्रीमियर लीग को देखकर आया। उन्होंने कहा कि इस लीग में खेल और मनोरंजन से जुड़े तत्वों को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि लोग स्वच्छता के अभियान में उत्साह के साथ भाग लें। उनके अनुसार, यदि स्वच्छता को प्रतियोगिता और मनोरंजन के रूप में प्रस्तुत किया जाए तो अधिक से अधिक लोग इसमें रुचि दिखाएंगे। अक्षय कुमार ने बताया कि उन्होंने इस विचार को सबसे पहले अमित साटम के साथ साझा किया था। उन्होंने कहा कि मुंबई में अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग रहते हैं और हर कोई यहां बेहतर जीवन जीने का सपना लेकर आता है। हालांकि शहर में जगह की कमी है और जनसंख्या बहुत अधिक है, फिर भी यहां के लोगों में ऊर्जा और उत्साह की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है और यहां रहने वाला हर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीवन बिताना चाहता है। अभिनेता ने अपने स्कूल के दिनों का उदाहरण देते हुए इस लीग के विचार को समझाया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्पोर्ट्स डे, एलोकेशन डे और मॉनिटर सिस्टम जैसी गतिविधियां होती थीं, जहां हर छात्र पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर आने की कोशिश करता था। उसी तरह 'मुंबई क्लीन लीग' में भी अलग-अलग इलाकों या समूहों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी, जिससे लोग अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए प्रेरित होंगे। अक्षय कुमार का मानना है कि यदि इस अभियान को सही तरीके से लागू किया गया, तो यह पूरे शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है।

# विश्वकप के लिए अभी से तैयारियों में लगी है भारतीय हॉकी टीम : कोच फुल्टन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा है कि इस साल अगस्त में होने वाले विश्व कप को देखते हुए टीम अभी से तैयारियों में लगी हुई है। साथ ही कहा कि टीम ने इस बड़े मुकाबले के लिए रणनीति भी बना ली है जिसके अनुसार ही टीम आगे बढ़ रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि टीम ने पिछले काफी समय से लगातार सुधार किया है और वह समय आने पर बेहतरीन फॉर्म में दिखेगी। भारत ने हालांकि इस सत्र में अब केवल होबार्ट में खेला गया एक मैच जीता है जो एफआईएच प्रो लीग मैच था। इसमें उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की थी।



नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप के पूल डी में भारतीय टीम का मुकाबला शीर्ष वरीय इंग्लैंड के अलावा पाकिस्तान और वेल्स से होगा। ग्रुप चरण के सभी मुकाबले नीदरलैंड में खेले जाएंगे। कोच ने गया, हम अपनी रणनीति के साथ ही गोल दागने की क्षमता भी बेहतर बना रहे हैं। हम आगे भी प्रयास करते रहेंगे। ये बातें ही हर मैचों का परिणाम तय करती हैं। इस पूल में शामिल हर विरोधी टीम की अपनी अलग-अलग ताकत हैं इसलिए हमारी तैयारी भी हर टीम के हिसाब से अलग रहेगी। इसलिए अगले कुछ महीने हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। हमें सही समय पर फॉर्म हासिल करना होगा।फुल्टन ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं। यह एक बहुत मजबूत ग्रुप है विश्व कप में आप यही तो चाहते हैं कि आपका मुकाबला विश्व की सबसे बेहतरीन टीमों से हो जिससे आपकी असली परीक्षा हो सके। टीम के शिविर में इस समय माहौल बहुत ही सकारात्मक है। फुल्टन ने इस बात पर जोर दिया कि हर टीम की खेलने की अनोखी शैली के हिसाब से अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

# आरसीबी तीसरे नंबर पर पडिक्कल या वेंकटेश में से किसे उतारेगी : रैना

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मार्च।

इस माह के अंत में शुरू हो रहे आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। इस मैच में आरसीबी जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। आरसीबी को लगातार दूसरी बार खिताबी जीत के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम पर भी ध्यान देना होगा। पारी की शुरूआत पहले ही तरह ही है विराट कोहली और फिल साल्ट पिछले करेंगे पर नंबर तीन पर टीम किये उतारेगी ये अभी तय नहीं है। इस स्थान पर अभी तक देवदत्त पडिक्कल उतरते थे पर इस बार टीम ने वेंकटेश अय्यर को भी खरीदा है। ऐसे में वह भी इस स्थान पर उतरने के दावेदार हैं।

ऐसे में टीम प्रबंधन के लिये ये आसान नहीं होगा कि किसे अवसर दे। दोनों ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। पडिक्कल ने पिछले बार इसी नंबर पर खेला था और अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में उनकी संभावनाएं ज्यादा हैं। वहीं वेंकटेश अय्यर को इस बार टीम ने नीलामी में खरीदा था। वेंकटेश को पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के कारण केकेआर ने रिलीज कर दिया था। वहीं पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का कहन है कि आरसीबी के पडिक्कल को तीसरे नंबर पर उतारने की संभावना अधिक है। रैना ने कहा, 'मुझे लगता



है कि आरसीबी पडिक्कल को तीसरे नंबर पर खिलाएगी क्योंकि फिर चौथे नंबर पर जितेश शर्मा हैं। वहीं पांचवे नंबर पर कप्तान रजत पाटीदार उतरेंगे।' वहीं रैना का कहना है कि कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच वेंकटेश के लिए अनुकूल रहेगी ऐसे में उन्हें बैटिंग क्रम में ऊपर भेजा जा सकता है जिससे की दाएं-बांए संयोजन भी बना रहे। वेंकटेश भी इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करना चाहेंगे। पिछले सत्र में उन्हें 23.75 करोड़ रुपये देकर केकेआर ने खरीदा था पर वह असफल रहे थे। ऐसे में टीम ने उन्हें इस बार नहीं रखा था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# जंग में शामिल होने के लिए हमने कभी अमेरिका को न्यौता नहीं दिया: नेतन्याहू

» **यरूशलेम, यूटर्न/ 20 मार्च।**

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी संघर्ष और अमेरिका की भूमिका पर बड़ा बयान देते हुए स्पष्ट किया है कि इजरायल ने अमेरिका को इस युद्ध में शामिल होने के लिए मजबूर नहीं किया है। नेतन्याहू के अनुसार, ईरान में की गई तमाम सैन्य कार्रवाइयां पूरी तरह से एक स्वतंत्र अभियान का हिस्सा थीं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निर्णय क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप वही फैसले लेते हैं जो अमेरिकी जनता के हित में होते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि क्या वाकई किसी को लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप को यह बताने की जरूरत है कि उन्हें क्या करना है?

युद्ध की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पुष्टि की कि इजरायली सेना ने ईरान के रणनीतिक असालुयेह गैस कंपाउंड पर



सफलतापूर्वक हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि इजरायली सेना विजय की ओर अग्रसर है और ईरान की स्थिति अब अत्यंत दयनीय हो गई है। युद्ध समाप्ति के संकेतों पर उन्होंने कहा कि यह संघर्ष लोगों के अनुमान से कहीं अधिक तेजी से अपने अंत की ओर बढ़ रहा है। नेतन्याहू ने यह भी संकेत दिया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की परिस्थितियां लगभग तैयार हो चुकी हैं, हालांकि भविष्य की अनिश्चितता को लेकर उन्होंने सावधानी भी बरती।

इजरायली प्रधानमंत्री ने ईरान की सैन्य क्षमताओं के पतन का दावा करते हुए कहा कि ईरान की सैन्य शक्ति अब लगभग खत्म हो चुकी है। इजरायल लगातार उन कारखानों को निशाना बना रहा है जहाँ मिसाइलों का निर्माण किया जाता था। नेतन्याहू के अनुसार, अब ईरान के पास बैलिस्टिक मिसाइल बनाने या यूरेनियम संवर्धन करने की कोई प्रभावी क्षमता शेष नहीं रह गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान की परमाणु और मिसाइल तकनीक की कमर तोड़ दी गई है। दूसरी ओर, इस युद्ध के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव और खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के बीच एक कूटनीतिक मोड़ भी आया है। ईरान ने अपने गैस फील्ड पर हुए हमले के जवाब में खाड़ी देशों के तेल और गैस प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर दिए हैं। इस स्थिति को संभालने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप की बात सामने आई है।

# चीन में पुलिस ने रोबोट को 'डर फैलाने' के आरोप में रोका

» **बीजिंग, यूटर्न/ 20 मार्च।**



हाल ही में चीन से सामने आई एक अनोखी घटना ने रोबोट के इस्तेमाल और उनकी सुरक्षा को लेकर नई बहस छेड़ दी है। यहां एक 'मनॉइड रोबोट को कथित तौर पर 'डर फैलाने' के आरोप में पुलिस ने रोक लिया, जिसके बाद यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। यह घटना चीन के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र मकाउ के पटने इलाके में स्थित लोक येंग फा यून नामक आवासीय परिसर के पास हुई। जानकारी के अनुसार शाम के समय करीब 70 वर्ष की एक बुजुर्ग महिला वहां टहल रही थीं। उसी दौरान वह अपने मोबाइल फोन में व्यस्त थीं। इसी बीच उनके पीछे एक 'मनॉइड रोबोट आकर खड़ा हो गया। जैसे ही महिला ने पीछे मुड़कर देखा, वह अचानक घबरा गईं और जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। बताया जा रहा है कि महिला ने इससे पहले कभी इतने करीब से ऐसा रोबोट नहीं देखा था, इसलिए वह डर गईं। घबराहट में उन्होंने रोबोट से नाराजगी जताते हुए कहा कि वह उनका दिल तेजी से धड़काने लगा है और ऐसा व्यवहार क्यों कर रहा है। यह पूरा घटनाक्रम वहां मौजूद कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। हालांकि इस घटना में महिला को किसी प्रकार की शारीरिक चोट नहीं आई, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

चिकित्सकीय जांच के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दो अधिकारियों ने रोबोट को वहां से हटाया। उन्होंने रोबोट के मालिक, जो लगभग 50 वर्ष के व्यक्ति बताए जा रहे हैं, को सार्वजनिक स्थानों पर रोबोट के उपयोग में सावधानी बरतने की चेतावनी दी। बाद में रोबोट को उसके मालिक को वापस सौंप दिया गया।

# एमनेस्टी इंटरनेशनल ने काबुल हवाई हमले पर उठाए गंभीर सवाल

## पाकिस्तान से मांगा जवाब

» **काबुल, यूटर्न/ 20 मार्च।**




वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में स्थित एक नशामुक्ति पुनर्वास केंद्र पर पाकिस्तान के हालिया हवाई हमले को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत गंभीर चिंता जताई है। इस हमले में 400 से अधिक नागरिकों की मौत हुई और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए बताए गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया था कि 16 मार्च को काबुल के एक नशामुक्ति पुनर्वास केंद्र पर किया गया हवाई हमला एक गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाकर किया गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एमनेस्टी इंटरनेशनल की दक्षिण एशिया के लिए उप-क्षेत्रीय निदेशक इसाबेल लासी ने कहा कि पाकिस्तान की सेना नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए पर्याप्त सावधानियां बरतने में विफल रही। एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक, पाकिस्तान ने 16 मार्च को 'ऑपरेशन गजब लिल हक' के तहत काबुल और नंगरहार में हवाई हमले किए। इन हमलों में काबुल के ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल को निशाना बनाया गया।

यह केंद्र 2016 में कैंप फीनिक्स की जगह पर स्थापित किया गया था, जो कभी अमेरिका और नाटो का सैन्य अड्डा हुआ करता था और अफगान राजधानी के बाहरी हिस्से में स्थित है। बताया गया है कि यह पुनर्वास केंद्र और इसके साथ लगे अन्य परिसर मिलाकर करीब 2,000 लोगों को ठहराने की क्षमता रखते थे। मानवाधिकार संगठन ने अफगान अधिकारियों के हवाले से कहा कि इस हमले में 400 से अधिक नागरिकों की मौत हो गई और 200 से ज्यादा घायल हुए।

इसाबेल लासी ने कहा कि हालांकि कुल मृतकों की संख्या की स्वतंत्र पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन यह साफ है कि इस हमले में सैकड़ों नागरिकों की मौत हुई है। उन्होंने कहा, 'यह अच्छी तरह दर्ज है कि पूर्व नाटो कैंप फीनिक्स का बड़ा हिस्सा 2016 से नशामुक्ति पुनर्वास केंद्र के रूप में काम कर रहा था। पाकिस्तान की सेना को यह हमला करने से पहले नागरिकों और नागरिक स्थलों को बचाने के लिए हरसंभव सावधानी बरतनी चाहिए थी। किसी भी उचित जांच और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया से यह निष्कर्ष निकलता कि वहां बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।'

# इजरायली हमले में आईआरजीसी के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी की मौत, ईरान ने बताया 'शहादत'



**यरुशलम, यूटर्न/ 20 मार्च।** इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने शुक्रवार को दावा किया कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता और पब्लिक रिलेशंस प्रमुख अली मोहम्मद नैनी की इजरायली हमले में मौत हो गई है। आईडीएफ द्वारा जारी बयान के मुताबिक, नैनी आईआरजीसी में प्रचार और जनसंपर्क से जुड़ी कई अहम भूमिकाओं में रहे थे। इजरायली सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि नैनी पिछले दो वर्षों से आईआरजीसी के मुख्य प्रचारक के रूप में काम कर रहे थे और मध्य-पूर्व में उसके सहयोगी संगठनों के जरिए 'आतंकी प्रोपेगैंडा' फैलाने में शामिल थे। वहीं, आईआरजीसी ने भी ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी की मौत की पुष्टि करते हुए इसे 'रमजान के अंतिम घंटों में अमेरिका-इजरायल के आतंकी हमले' में हुई शहादत बताया। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस हमले को 'राज्य प्रायोजित कायराना आतंकवाद' करार देते हुए ईरान ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले आईडीएफ ने बुधवार को दावा किया था कि ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब भी तेहरान में एक लक्षित हवाई हमले में मारे गए। आईडीएफ के अनुसार, खतिब ईरान में हालिया प्रदर्शनों के दौरान कार्रवाई और विदेशों में इजरायल व अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ गतिविधियों में अहम भूमिका निभा रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बुल्गारिया ने बेरूत धमाके से जुड़े रूसी नागरिक को किया रिहा

**मॉस्को, यूटर्न/ 20 मार्च।**
बुल्गारिया ने रूसी नागरिक इगोर ग्रेचुश्किन को रिहा कर दिया है, जिन्हें बेरूत में जहाज विस्फोट के सिलसिले में हिरासत में लिया गया था। रूसी नागरिक ग्रेचुश्किन के वकील येकातेरिना दिमित्रोवा ने यह जानकारी दी। ग्रेचुश्किन उस जहाज के मालिक थे, जिसके माल में बाद में 2020 में बेरूत बंदरगाह पर विस्फोट हुआ था। उन्हें इंटरपोल वारंट पर बुल्गारिया में हिरासत में लिया गया था। यह गिरफ्तारी छह सितंबर को बुल्गारिया की राजधानी सोफिया के हवाई अड्डे पर हुई, जहां 48 वर्षीय रूसी नागरिक ग्रेचुश्किन साइप्रस से पहुँचे थे। वकील दिमित्रोवा ने कहा, 'ग्रेचुश्किन को रिहा कर दिया गया है। उन्हें देश छोड़ने के लिए अदालत के मूल आदेश की प्रति प्राप्त करनी पड़ी और यात्रा प्रतिबंध हटवाना पड़ा, जिसमें (अपील के बाद जनवरी के अंत से) अतिरिक्त एक-दो सप्ताह लग गए।

### अमेरिकी वायुसेना को भारी नुकसान

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 20 मार्च।**
मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष अब एक भीषण हवाई युद्ध का रूप ले चुका है। हालिया रिपोर्ट्स और अमेरिकी रक्षा अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में अमेरिकी वायुसेना को अपूरणीय क्षति हुई है। अमेरिका को न केवल दुश्मन के आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम से चुनौती मिल रही है, बल्कि तकनीकी खराबी और आपसी तालमेल की कमी (फ्रेंडली फायर) ने भी इस नुकसान को बढ़ा दिया है। आंकड़ों के मुताबिक, युद्ध की शुरुआत से अब तक अमेरिका के कम से कम 16 सैन्य विमान नष्ट हो चुके हैं, जिनमें बेहद महंगे ड्रोन और रिफ्यूलिंग टैंकर शामिल हैं। इस हवाई युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान एमक्यू-9 रीपर ड्रोन्स को हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 10 रीपर ड्रोन नष्ट हो चुके हैं। इनमें से 9 ड्रोन्स को ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया।

# अमेरिका ने धमकाया तो गिड़गिड़ाया पाकिस्तान बोला- भारत से बचाव के लिए जरुरी है मिसाइलें

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 20 मार्च।**



पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को लेकर अमेरिका ने पाकिस्तान को हड़काया तो गिड़गिड़ाने लगा और उसमें भारत पर आरोप मढ़ने की कोशिश की। पाकिस्तान का कहना था भारत की बढ़ती ताकत के लिए पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा मजबूत करना पड़ रही है।

अमेरिकी सीनेट की खुफिया समिति के समक्ष 2026 वार्षिक खतरा मूल्यांकन रिपोर्ट पेश करते हुए अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने पाकिस्तान को रूस, चीन, उत्तर कोरिया और ईरान की श्रेणी में रखा था। गबार्ड ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान तेजी से ऐसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों पर शोध कर रहा है जो परमाणु और पारंपरिक पेलोड ले जाने में सक्षम हैं। रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि पाकिस्तान लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पर काम कर रहा है, जिनकी मारक क्षमता भविष्य में सीधे अमेरिका तक पहुंच सकती है। इसके अलावा, गबार्ड ने अल-कायदा और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों के साथ पाकिस्तान के संदिग्ध संबंधों को भी अमेरिकी हितों के लिए निरंतर खतरा बताया।

# किम जोंग उन ने किया अत्याधुनिक टैंक का अनावरण, बेटी को दी सैन्य ट्रेनिंग

» **प्योंगयांग, यूटर्न/ 20 मार्च।**

उत्तर कोरिया ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए एक ऐसे नए मुख्य युद्धक टैंक का अनावरण किया है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल और ड्रोन हमलों को पूरी तरह विफल करने में सक्षम है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से युद्ध की तैयारियों को और अधिक आक्रामक बनाने का आ'ान किया। विशेष बात यह रही कि इस सैन्य अभ्यास के दौरान किम जोंग उन की बेटी जू ए भी उनके साथ नजर आईं, जिससे इन अटकलों को और बल मिला है कि उन्हें भविष्य के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया



जा रहा है। आधिकारिक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, किम जोंग उन ने उन सैन्य अभ्यासों की स्वयं निगरानी की, जिनमें दुश्मन की रक्षा पंक्तियों पर हमले और कब्जे का कृत्रिम अभ्यास किया गया था। प्रदर्शन के दौरान नए टैंक ने विभिन्न दिशाओं से आने वाली एंटी-टैंक मिसाइलों और ड्रोनों को शत-प्रतिशत रोकने में सफलता पाई। किम जोंग उन ने गर्व के साथ बताया कि इस टैंक को विकसित करने में सात साल का लंबा समय लगा है।

इसे विशेष रूप से युद्ध के मैदान में सैनिकों की सुरक्षा और टैंक के सर्वाइवल रेट को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सक्रिय सुरक्षा प्रणालियों से लैस किया गया है। यह टैंक अब उत्तर कोरियाई सेना का मुख्य स्तंभ होगा और रात के समय सैन्य अभियानों को अंजाम देने की उसकी क्षमता में क्रांतिकारी सुधार लाएगा।

इस आयोजन की सबसे चर्चित तस्वीरें किम जोंग उन और उनकी बेटी जू ए की रहीं। दोनों को काले रंग की लेदर जैकेट पहने एक जैतूनी-हरे रंग के टैंक पर सवार देखा गया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *